मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 99
सोमवार, 20 अक्टूबर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# अयोध्या में 29 लाख दीये जलाकर किया गया स्वागत, गिनीज बुक में दर्ज हुआ रिकॉर्ड

अयोध्या, 19 अक्टूबर। प्रभु राजा राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26. 11 लाख दीये जलाए गए। ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की।

यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है।

दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ। गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीये की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीये जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीये



में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया जाएगा। इससे स्वयंसेवकों को दीये प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई। हर घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल और अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को बांट दी गई थी। दीयों को प्रज्ज्वलित करने वाले स्वयंसेवक व समन्वयक सूती कपड़ों में ही घाटों पर मौजूद रहे।

इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामकथा पार्क के मंच पर श्रीराम का राजतिलक किया। श्रीराम राज्याभिषेक समारोह के दौरान रामकथा पार्क जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। सीएम योगी ने श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और गुरु वशिष्ठ का भी तिलक कर माल्यार्पण किया और आरती उतारी। प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जयवीर सिंह, राकेश सचान व सतीश शर्मा ने भी आरती उतारी। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत रामनगरी के संत महंतों ने भगवान के स्वरूपों की आरती उतारी। रामकथा पार्क में आयोजित समारोह में हजारों की संख्या में संत, महंत, श्रद्धालु और पर्यटक राज्याभिषेक समारोह का हिस्सा बने। दीपोत्सव के अवसर पर अयोध्या धाम क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कई जगहों से डायवर्जन किया है। यह डायवर्जन आज सुबह 6.00 बजे से लेकर 20 अक्तूबर तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में पुराने सरयू पुल, रामपथ, नयाघाट, टेढ़ीबाजार और आसपास के क्षेत्रों में आम वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

साकेत पेट्रोल पंप बैरियर - नयाघाट पर सभी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। उनके लिए साकेत पुल के दोनों ओर, बैकुंठ धाम, बालूघाट मल्टीलेवल पार्किंग और सूर्या पैलेस के पास पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

हनुमानगुफा चौराहा बैरियर - लता मंगेशकर चौक की ओर सभी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। यहां केवल आमंत्रित अतिथियों को पैदल प्रवेश मिलेगा। फटिकशिला आश्रम और हनुमानगुफा चौराहे के पास पार्किंग की सुविधा रहेगी।

रामघाट चौराहा बैरियर - तपस्वी छावनी की ओर जाने वाले वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। वाहनों को काशीराम कॉलोनी परिक्रमा मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। इसी तरह दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय बैरियर और परमा एकेडमी गली बैरियर से रामपथ की ओर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। उदया चौराहा बैरियर - टेढ़ीबाजार की ओर चारपहिया वाहन नहीं जा सकेंगे। वहीं रानोपाली तिराहा बैरियर से टेढ़ी बाजार की ओर दोपहिया वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। टेढ़ी बाजार चौराहा बैरियर - श्रीराम अस्पताल की दिशा में यातायात प्रतिबंधित रहेगा। वाहनों को लंगड़वीर फ्लाईओवर से डायवर्ट किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस तिराहा बैरियर - लता मंगेशकर चौक की ओर और राजघाट बंधा बैरियर से नयाघाट की ओर सभी प्रकार के वाहन और पैदल आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। ट्रैफिक एसपी एपी सिंह ने बताया कि अवध विश्वविद्यालय से आने वाले वालंटियर्स बस के माध्यम से हनुमानगुफा चौराहे तक आएंगे। बसें फटिकशिला पार्किंग में खड़ी की जाएंगी और वहां से वालंटियर्स पैदल अपने निर्धारित घाटों तक जाएंगे।

## 'सपा ने रामभक्तों पर गोली चलवाई, रामलला को 500 सालों तक झेलना पड़ा अपमान' जमकर बरसे सीएम योगी



अयोध्या, 19 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अयोध्या में समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने न केवल रामलला को कैद करके रखा, बल्कि रामभक्तों पर गोली चलवाई और अयोध्या की पहचान मिटाने की कोशिश की। सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम को 500 सालों तक अपमान सहना पड़ा, लेकिन सत्य को परेशान किया जा सकता है, पराजित नहीं। सीएम योगी ने कहा, सपा ने अयोध्या के साथ अन्याय किया। राम मंदिर निर्माण में रोड़े अटकाए गए और रामभक्तों पर गोलीबारी की गई। यह वही लोग हैं जिन्होंने हमारी आस्था को खंडित करने की कोशिश की। अयोध्या की पहचान को मिटाने का प्रयास किया गया, लेकिन सत्य की हमेशा जीत होती है।

## टिकट नहीं मिला तो कुर्ता फाड़कर रोने लड़ा राजद नेता, बोला- मुझसे 2.7 करोड़ मांगे



पटना, 19 अक्टूबर। बिहार राज्य में इस समय विधानसभा चुनाव को लेकर माहौल बना हुआ है और सियासी सरगर्मी भी चरम पर है। राज्य में एनडीए और महागठबंधन के बीच प्रमुख मुकाबला है। महागठबंधन के प्रमुख घटक दल आरजेडी और कांग्रेस में टिकट बंटवारे को लेकर अंदरूनी घमासान जारी है। इस बीच रविवार को मोतिहारी के मधुबन से टिकट नहीं मिलने पर राष्ट्रीय जनता दल का एक नेता कुर्ता फाड़कर फूट-फूटकर रो पड़ा। सोशल मीडिया पर यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। मदन शाह ने इस दौरान संजय यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 2.7 करोड़ मांगे थे, और जब मैंने देने से इनकार कर दिया, तो पार्टी का टिकट किसी और को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि राजद प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने उन्हें 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव के लिए टिकट देने का वादा किया था। मदन शाह ने 2020 में पार्टी के सिंबल पर ही चुनाव लड़ा था लेकिन उस चुनाव में उन्हें दो हजार वोटों से करीबी हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी पार्टी की ओर से सिंबल मिलने की उम्मीद में वो लगातार पटना में डेरा जमाए हुए थे लेकिन पार्टी ने इस बार किसी और को सिंबल दे दिया और उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। वो इससे नाराज होकर कुर्ता फाड़कर रोने लगे।

**शुभकामना**

दीपावली के शुभ अवसर पर सभी शुभचिंतकों, पाठकगण, विज्ञापनदाताओं व संवाददाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

-संपादक

**अवकाश सूचना**

दीपावली के पावन अवसर पर समाचार पत्र का प्रकाशन बंद रहेगा। अगला अंक दो दिन बाद प्रकाशित होगा।

-संपादक








































# दीपावली भौतिक ही नहीं, आत्मिक उजाले का महापर्व



-ललित गर्ग

दीपावली केवल दीपों का ही पर्व नहीं है बल्कि यह आत्मा के भीतर बसे अंधकार को मिटाने की साधना का अनुष्ठान है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो जन-जन के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का उजास फैलाती है। पांच दिवसीय इस उत्सव की श्रृंखला धनतेरस से आरंभ होकर भाई दूज तक चलती है, पर इसका अर्थ केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक यात्रा है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक ह्यउज्वलताह्ल ही सच्ची ह्यधन्यताह्ल है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं। प्रत्येक दीप हमें यह संदेश देता है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, जीवन में धर्म के दीप जलते रहना है, बुझना नहीं।

दीपावली का संबंध अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और दार्शनिक प्रसंगों से जुड़ा है। इसी दिन भगवान रामचंद्रजी चौदह वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे। यह धर्म, मयार्दा और सत्य की विजय का प्रतीक बना। प्राचीन हिन्दू महाकाव्य महाभारत अनुसार कुछ दीपावली को 12 वर्षों के वनवास व 1 वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी के प्रतीक रूप में मानते हैं। जैन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर का निर्वाण हुआ और इसीलिए इसे महावीर निर्वाण दिवस कहा जाता है। महावीर का निर्वाण केवल देह का अंत नहीं था, बल्कि आत्मा की पूर्ण जागृति का क्षण था, जब उन्होंने संसार के अंधकार में मोक्ष का शाश्वत दीप प्रज्वलित किया। बौद्ध परंपरा में यह दिन बुद्धत्व की स्मृति का प्रतीक है, वहीं सिक्ख परंपरा में यह दिन गुरु हरगोविंदजी के कारावास से मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब उन्होंने अन्य कैदियों को भी मुक्त कराया था। इन सभी प्रसंगों में एक अद्भुत एकता झलकती है-अंधकार से मुक्ति, ज्ञान से आलोक और अहंकार से आत्मा की ओर यात्रा। ह्यतमसो मा ज्योतिर्गमयह्ल अर्थात अन्धकार की ओर नही, प्रकाश की ओर जाओ, यह उपनिषदों की आज्ञा है।



दीपावली अब केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय पर्व बन गया है। दीपावली को विशेष रूप से हिंदू, जैन और सिख समुदाय के साथ विशेष रूप से दुनिया भर में मनाया जाता है- श्रीलंका, पाकिस्तान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, मॉरीशस, केन्या, तंजानिया, दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन शामिल संयुक्त अरब अमीरात, और संयुक्त राज्य अमेरिका। भारतीय संस्कृति की समझ और भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक प्रवास के कारण दीपावली मनाने वाले देशों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ देशों में यह भारतीय प्रवासियों द्वारा मुख्य रूप से मनाया जाता है, अन्य दूसरे स्थानों में यह सामान्य स्थानीय संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है। दीपावली का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है गोवर्धन पूजा, जो प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह हमें सिखाती है कि समृद्धि केवल मनुष्य की मेहनत से नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा से भी मिलती है। गाय, अन्न, जल, वृक्ष, मिट्टी-सबका सम्मान ही सच्ची पूजा है। भाई दूज इस श्रृंखला का अंतिम दिन है, जो स्नेह और पारस्परिक विश्वास का दीप जलाता है। यह पर्व केवल बहन-भाई के संबंधों का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में प्रेम, सहयोग और संरक्षण के भाव को पुष्ट करने का अवसर है। दीपावली का मूल भाव अंधकार दूर भगाना है। जीवन को सुख और समृद्धि की रोशनी से जगमग करना है। एक पौराणिक कथा के अनुसार विंष्णु ने नरसिंह रूप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए। कई लोग दीपावली को भगवान विष्णु की पत्नी तथा उत्सव, धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जुड़ा हुआ मानते हैं। आज दीपावली का स्वरूप भले ही भव्य और चकाचौंध से भरा हो, पर इसका सच्चा अर्थ है भीतर के दीप को जलाना। जैसे हम घरों की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने मन की सफाई भी आवश्यक है। ईर्ष्या, क्रोध, स्वार्थ और असत्य का अंधकार मिटे, और उसकी जगह सच्चाई, सहिष्णुता, करुणा और सेवा का उजास फैले-यही दीपावली का सार है। महात्मा गांधी ने कहा था, ह्लसच्चा दीपक वही है जो अंधकार में राह दिखाए, न कि केवल सजावट बने।ह्व यदि हम एक दीप अपने भीतर जलाएं-मानवता का, विनम्रता का, और सहअस्तित्व का तो यही सबसे बड़ा पूजन होगा। दीपावली का पर्व ज्योति का पर्व है। दीपावली का पर्व पुरुषार्थ का पर्व है। यह आत्म साक्षात्कार का पर्व है। यह अपने भीतर सुषुप्त चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था-ह्यबाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोतह्ल। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। जो अपने भीतरी आलोक से आलोकित हो गए, वे सबके लिए आलोकमय बन गए।

ज्ञान दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाश दीप है। जब ज्ञान का दीप जलता है तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य स्वतः समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार मोह-मूर्च्छा को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप खड़ी हुई पर्यावरण प्रदूषण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी जरूरी है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था-ह्यबाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोतह्ल। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। युद्ध, आतंकवाद, भय, हिंसा, प्रदूषण, अनैतिकता, ओजोन का नष्ट होना आदि समस्याएँ इक्कीसवीं सदी के मनुष्य के सामने चुनौती बनकर खड़ी है। आखिर इन समस्याओं का जनक भी मनुष्य ही तो है। मनुष्य को मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। दीपावली का संदेश सीमित नहीं है; यह हमें समाज, संस्कृति और मानवता के स्तर पर नया दृष्टिकोण देता है। यह केवल दीपों की पंक्तियाँ नहीं, बल्कि जीवन की दिशा है। हम केवल अपने घर को नहीं, बल्कि किसी और के जीवन को भी रोशन करेंगे। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकाश की सबसे बड़ी जीत तब होती है जब वह अंधकार के सबसे गहरे कोने में पहुँचता है। हरिवंश राय बच्चन के शब्दों में-दीप जलाओ लेकिन ऐसे, जिसमें धुआँ न हो; उजाला हो, पर अहंकार न हो। जब भीतर का दीप जलता है, तो बाहरी दीप स्वतः दीप्तिमान हो उठते हैं। दीपावली पर्व की सार्थकता के लिए जरूरी है, दीये बाहर के ही नहीं, दीये भीतर के भी जलने चाहिए। क्योंकि दीया कहीं भी जले उजाला देता है। दीए का संदेश है-हम जीवन से कभी पलायन न करें, जीवन को परिवर्तन दें, क्योंकि पलायन में मनुष्य के दामन पर बुजदिली का धब्बा लगता है, जबकि परिवर्तन में विकास की संभावनाएँ जीवन की सार्थक दिशाएँ खोज लेती हैं।

# महागठबंधन में महा टूट, आपसी सिर-फुटव्वल भी जारी



अशोक भाटिया

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बड़ा राजनीतिक फैसला लिया है। पार्टी ने ऐलान किया है कि वह इस बार बिहार में छह विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। इनमें चकाई, धमदाहा, कटोरिया, मनिहारी, जमुई और पीरपैंती सीट शामिल हैं। इस कदम को महागठबंधन के लिए झटका माना जा रहा है, क्योंकि अब तक उम्मीद थी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के तहत ही चुनाव मैदान में उतरेगी।

बताया जाता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी ने महागठबंधन के घटक दलों, खासकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस से कई दौर की बातचीत की थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन सीटों पर दावेदारी जताई थी जहां उसके कार्यकर्ता लंबे समय से सक्रिय हैं और जे डी यू - भाजपा गठबंधन के खिलाफ लगातार काम करते आ रहे हैं। लेकिन बातचीत के बावजूद सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पाई। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि झारखंड में 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आर जे डी और कांग्रेस के लिए कई सीटें छोड़ी थीं, फिर भी अब तक उन्हें पर्याप्त सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा, ह्लहमने हमेशा गठबंधन की भावना से काम किया, लेकिन जब हमारे सहयोगी ही संवाद से बचने लगें, तो हमें अपने रास्ते खुद तय करने पड़ते हैं।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रीय जनता दल को छह सीटें दी थीं और वर्तमान मंत्रिमंडल में राजद के एक विजयी उम्मीदवार के लिए एक महत्वपूर्ण पद सुरक्षित किया था। उन्होंने पुष्टि की कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बिहार में धमदाहा, चकाई, कटोरिया, मनिहारी, जमुई और पीरपैंती सीटों से अपने उम्मीदवार उतारेगी। पार्टी ने उन इलाकों को चुना है जो झारखंड की सीमा से सटे और आदिवासी बहुल हैं। इन इलाकों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पारंपरिक वोट बैंक माना जाता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का मानना है कि इन क्षेत्रों में उसका संगठन मजबूत है और वह स्वतंत्र रूप से बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बताया था कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पहले ही तेजस्वी यादव से बातचीत की थी और सीटों के लिए प्रस्ताव भी भेजा था, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ। इसलिए पार्टी ने अब स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का अलग होकर लड़ना महागठबंधन के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है, खासकर सीमावर्ती और आदिवासी बहुल इलाकों में। इन इलाकों में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सक्रियता वोटों के बंटवारे का कारण बन सकती है, जिससे एनडीए को अप्रत्यक्ष रूप से फायदा हो सकता है। आश्चर्य तो इस बात का भी है पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी महागठबंधन में सीटों के बंटवारे पर अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा था और घमासान शुरू हो गया ।घटक दलों के बीच तनाव इस कदर है कि टूट की आशंका जाहिर की जा रही है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी गठबंधन से अलग हो चुकी है और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने छह सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है।अगर झामुमो अपने दावे पर कायम रहा तो 20 से अधिक सीटों पर एनडीए के बदले महागठबंधन के घटक दलों के बीच ही हो जाएगी। इधर कांग्रेस का आंतरिक असंतोष भी बाहर हो रहा है। पार्टी के दो पूर्व विधायकों-गजानन शाही और बंटी चौधरी ने कांग्रेस के बिहार प्रभारी के अल्लाबारू पर आलाकमान को अंधेरे में रख कर पैरवी वालों को उम्मीदवार बनाने का आरोप लगाया है। महागठबंधन में विवाद की शुरूआत बेगूसराय के बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा के बाद हुई। 2024 के चुनाव में भाकपा यहां दूसरे स्थान पर थी। कांग्रेस ने उस चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे गरीब दास को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। भाकपा की त्वरित प्रतिक्रिया हुई।उसने कांग्रेस की सिटिंग सीट राजापाकर पर अपना उम्मीदवार उतार दिया। रोसड़ा में कांग्रेस दूसरे स्थान पर थी। भाकपा ने रोसड़ा के साथ बिहारशरीफ में भी उम्मीदवार की घोषणा कर दी।इसके बाद राजद ने भी कांग्रेस के दावे वाली सीटों पर उम्मीदवार उतारना शुरू कर दिया। राजद ने कांग्रेस के कोटे की वारसलीगंज, वैशाली और लालगंज पर अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया है।राजद कांग्रेस की अंदरूनी विवाद में फंसी सिंकदरा विधानसभा क्षेत्र पर भी दावा कर रहा है। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी सिकंदरा से राजद उम्मीदवार हो सकते हैं।विवाद का असर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार की विधानसभा सीट कुटुंबा पर भी पड़ रहा है। पूर्व मंत्री सुरेश पासवान यहां से राजद उम्मीदवार हो सकते हैं।

इधर कांग्रेस का आंतरिक असंतोष भी बाहर हो रहा है। पार्टी के दो पूर्व विधायकों-गजानन शाही और बंटी चौधरी ने कांग्रेस के बिहार प्रभारी के अल्लाबारू पर आलाकमान को अंधेरे में रख कर पैरवी वालों को उम्मीदवार बनाने का आरोप लगाया है। महागठबंधन में विवाद की शुरूआत बेगूसराय के बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा के बाद हुई। 2024 के चुनाव में भाकपा यहां दूसरे स्थान पर थी। कांग्रेस ने उस चुनाव में तीसरे स्थान पर रहे गरीब दास को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया।

भाकपा की त्वरित प्रतिक्रिया हुई। उसने कांग्रेस की सिटिंग सीट राजापाकर पर अपना उम्मीदवार उतार दिया। रोसड़ा में कांग्रेस दूसरे स्थान पर थी। भाकपा ने रोसड़ा के साथ बिहारशरीफ में भी उम्मीदवार की घोषणा कर दी।इसके बाद राजद ने भी कांग्रेस के दावे वाली सीटों पर उम्मीदवार उतारना शुरू कर दिया। राजद ने कांग्रेस के कोटे की वारसलीगंज, वैशाली और लालगंज पर अपना उम्मीदवार खड़ा कर दिया है।राजद कांग्रेस की अंदरूनी विवाद में फंसी सिंकदरा विधानसभा क्षेत्र पर भी दावा कर रहा है। विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी सिकंदरा से राजद उम्मीदवार हो सकते हैं।

असल में कांग्रेस दोहरे संकट की शिकार हो गई है। इसके कारण उसे उम्मीदवार भी बदलना पड़ रहा है। जाले से पहले के लिए घोषित उम्मीदवार को बदल कर राजद से आए ऋृषि मिश्रा को सिंबल दिया गया है।नरकटियागंज के लिए घोषित राजन तिवारी के बदले कांग्रेस ने शाश्वत केदार पांडेय को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने जमालपुर की अपनी जीती हुई सीट पर उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की और वहां शुक्रवार को नामांकन भी समाप्त हो गया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गठबंधन के प्रमुख सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर बिहार विधानसभा चुनाव में धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि राजद ने बार-बार आश्वासन देकर झामुमो को ठगा, जिसके चलते पार्टी ने बिहार में छह सीटों–चकाई, धमदाहा, कटोरिया, मनिहारी, जमुई और पीरपैंती–पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।सुप्रियो ने कहा कि झारखंड में झामुमो ने हमेशा राजद को सम्मान दिया। 2019 के विधानसभा चुनाव में राजद को सात सीटें दी गईं, जिनमें से एकमात्र विजयी उम्मीदवार सत्यानंद भोक्ता को पांच साल तक कैबिनेट मंत्री बनाया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से सम्मान दिया और हर कार्यक्रम में महत्वपूर्ण स्थान दिया।2024 के चुनाव में राजद को छह सीटें दी गईं, जिनमें चार उम्मीदवार जीते और एक को महत्वपूर्ण विभाग के साथ कैबिनेट मंत्री बनाया गया। सुप्रियो ने कहा, 'हमने राजद को झारखंड में पूरा सम्मान दिया, लेकिन बिहार में हमें बार-बार इंतजार करने की नसीहतें मिलीं। झामुमो सब कुछ बर्दाश्त कर सकता है, लेकिन सम्मान से समझौता नहीं।

अब तक महागठबंधन जिसे दोस्ताना संघर्ष का नाम दे रहा था, वो आपसी सिर-फुटव्वल साबित हुआ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ जो हुआ और जो प्रतिक्रिया आई, वो तो साफ संकेत है। इस सिर फुटौव्वल को दोस्ताना संघर्ष कहकर महागठबंधन के नेता जो डैमेज कंट्रोल करना चाहते थे, उनकी हद कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने खींच दी। ये और बात है कि महागठबंधन की तरफ से इस नाम पर डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश हो रही है कि नामांकन वापस हो जाएगा। लेकिन, बात तो अभी बिगड़ी हुई है। आप भी जानिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ क्या हुआ और उन्होंने क्या कहा?

ये तो कई सीटों को लेकर चल रहा था, मगर अब महागठबंधन के साथी दल आमने-सामने हो गए है। इसकी पराकाष्ठा तब सामने आई जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की कुटुंबा विधानसभा सीट पर भी राजद ने अपना कैंडिडेट उतार दिया। कुटुंबा से पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने लालटेन के सिंबल पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। वहीं, राजेश राम भी यहां से नामांकन करने जा रहे हैं। तो ये मान लिया नहीं जाए कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने मोर्चा खोल दिया! इसे राजेश राम के पोस्ट से समझिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'दलित दबेगा नहीं - झुकेगा नहीं अब इंकलाब होगा। जय बापू, जय भीम, जय संविधान, जय कांग्रेस। महागठबंधन की इस कलह ने एनडीए के नेताओं को भी हमले का नया हथियार दे दिया है। चिराग पासवान ने कहा कि ह्लजो लोग बिहार को स्थिर सरकार देने की बात करते हैं, वे खुद अपने घर को नहीं संभाल पा रहे।₹ भाजपा के प्रवक्ताओं ने भी इसे नेतृत्व संकट और अवसरवाद की पराकाष्ठा बताया है। कुटुंबा की यह लड़ाई सिर्फ एक सीट का झगड़ा नहीं, बल्कि महागठबंधन की एकजुटता की परीक्षा बन गई है।

बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने हैं, 6 नवंबर और 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि गिनती 14 नवंबर को की जाएगी। ऐसे में झारखंड मुक्ति मोर्चा का यह फैसला आने वाले दिनों में महागठबंधन की रणनीति और सीट समीकरण पर बड़ा असर डाल सकता है।

# तालिबान से सम्बन्ध अर्थात घोर अतिवादी विचारधारा से समझौता



-तनवीर जाफरी

अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने पिछले दिनों भारत का एक सप्ताह का दौरा किया। अगस्त 2021 में तालिबान के जबरन सत्ता में आने के बाद किसी शीर्ष तालिबानी नेता की पहली आधिकारिक यात्रा थी। मुत्तकी संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंधित सूची में शामिल थे, इसलिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तालिबान प्रतिबंध समिति ने उन्हें केवल भारत यात्रा के लिए विशेष छूट दी थी। गौरतलब है कि 2021 में भारत ने तालिबान शासन के बाद काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। परंतु पिछले गत जनवरी 2025 में भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की दुबई में मुत्तकी से हुई मुलाकात और फिर मई 2025 में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मुत्तकी से फोन पर हुई बातचीत के बाद ही उनके भारत दौरे का रास्ता साफ हो गया था। 2021 में अफगानिस्तान की लोकतान्त्रिक सरकार से जबरन सत्ता हथियाने वाले तालिबानों को अब तक केवल रूस ने ही मान्यता दी है। वर्तमान तालिबानी शासन को भारत ने भी अभी तक मान्यता नहीं दी है। इसके बावजूद तालिबान से व्यापार, विकास,सहायता, और सुरक्षा जैसे विषयों को लेकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने की बात करना और कल तक मानवता विरोधी कुकृत्य करने वाले कुख्यात आतंकी संगठन के रहनुमाओं से हाथ मिलाना 'दुश्मन का दुश्मन अपना दोस्त' की नीति के अंतर्गत भले ही ठीक नजर आता हो परन्तु तालिबानों के ज़ुल्म व अत्याचार की सूची इतनी लंबी है कि इन वैचारिक आतंकियों को न तो कभी मुआफ किया जा सकता है न ही इनपर विश्वास किया जा सकता है। यही वजह है कि भले ही भारत सरकार ने तालिबानी नेता व उसके साथ आये प्रतिनिधिमंडल का स्वागत क्यों न किया हो परन्तु देश का एक बड़ा वर्ग भारत तालिबान रिश्तों को लेकर खुश नहीं बल्कि नाखुश नजर आया।

दरअसल पूर्व में ओसामा बिन लादेन व मुल्ला उमर के संरक्षण में इन्हीं तालिबानों ने आतंक तथा अपनी घोर कट्टरपंथी विचारधारा का वह घिनौना इतिहास लिखा है जिसे दुनिया कभी भुला नहीं सकती। याद कीजिये फरवरी 2001 में तालिबान के सर्वोच्च नेता मुल्ला मोहम्मद उमर द्वारा जारी किया गया वह फरमान जिसमें उसने अफगानिस्तान में मौजूद सभी मूर्तियों को नष्ट किये जाने जैसा वैमनस्यपूर्ण आदेश जारी किया था। इसी आदेश के बाद तालिबानी लड़ाकों द्वारा अफगानिस्तान की बामियान घाटी में छठी शताब्दी ईस्वी में चट्टानों में तराशी गई दो विशालकाय बुद्ध मूर्तियों को तोपों और एंटी-एयरक्राफ़्ट गनों से ध्वस्त कर दिया गया था ? यह दुनिया की सबसे ऊँची खड़ी बुद्ध प्रतिमाओं में से एक थीं जिनकी ऊँचाई क्रमशः 180 व 125 फीट थी। तालिबान के इस दुस्साहस ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। क्योंकि ये मूर्तियाँ 1,500 वर्ष पुरानी थीं और मानव इतिहास का एक अहम हिस्सा थीं। तालिबान ने इस दौरान अफगानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में रखी अन्य बौद्ध कलाकृतियों को भी नष्ट किया था । तालिबान के इस कदम से पूरे विश्व में आक्रोश पैदा हो गया था। संयुक्त राष्ट्र, यूनेस्को, भारत, जापान, श्रीलंका और अन्य कई देशों द्वारा इस तालिबानी कुकृत्य की घोर निंदा की गयी थी । यूनेस्को ने इसे तालिबान द्वारा किया गया ₹सांस्कृतिक अपराध₹ बताया था। क्या इस घटना को भुलाया जा सकता है जोकि इन्हीं तालिबानों की नफरती सोच व विचारधारा के तहत अंजाम दी गयी थी ?

क्या देश 24 दिसंबर 1999 को अंजाम दिये गये उस कंधार विमान अपहरण कांड को भूल सकता है जिसमें काठमांडू से नई दिल्ली आने वाली इंडियन एयरलाइंस की फ़्लाइट IC-814 का अपहरण पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन हरकत-उल-मुजाहिदीन द्वारा किया गया था। इस विमान में 176 यात्री और 15 चालक दल के सदस्य सहित कुल 191 लोग सवार थे। अपहरणकर्ताओं द्वारा यह विमान अमृतसर,लाहौर व दुबई के बाद अंत में अफगानिस्तान के कंधार ले जाया गया था जो उस समय तालिबान के नियंत्रण में था। कंधार विमान अपहरण कांड एक ऐसी घटना थी जिसने भारत की सुरक्षा नीतियों, आतंकवाद से निपटने की रणनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर गहरा प्रभाव डाला था । यह घटना आज भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में देखी जाती है। इसी विमान अपहरण के बाद भारत सरकार को भारतीय जेलों में बंद मसूद अजहर,अहमद उमर सईद शेख व मुश्ताक अहमद जरगर जैसे दुर्दांत आतंकियों की रिहाई करनी पड़ी थी। इस पूरे प्रकरण को अंजाम तक पहुँचाने में तालिबानों ने ही अपहरणकर्ताओं के पक्ष में अहम किरदार निभाया था। इसीलिए अपहरणकर्ता विमान को अंत में कंधार ले गए थे। क्या देश इस हादसे को कभी भुला सकता है ?

महिलाओं को लेकर तालिबानों की विकृत व अमानवीय सोच से भी दुनिया भलीभांति वाकिफ है। यह तालिबान ही तो थे जिन्होंने 9 अक्टूबर 2012 को, पश्तून परिवार से संबंध रखने वाली 15 वर्षीय मलाला यूसुफजई को उस समय उसका नाम पूछकर गोली मारी थी जबकि वह स्वात जिले में परीक्षा देकर स्कूल बस से अपने घर लौट रही थीं। याद कीजिये उस समय एक नकाबपोश तालिबानी बंदूकधारी उस बस में चढ़ा और चिल्लाया, ₹तुम में से कौन मलाला है? बोलो, वरना मैं सबको गोली मार दूँगा।₹ मलाला की पहचान होने पर उसने मलाला को बाएँ आँख के पास से गोली मारी, जो उनके गर्दन से होकर कंधे में जा लगी। इसी हमले में कायनात रियाज व शाज़िया रमजान नाम की दो अन्य स्कूली लड़कियां भी घायल हुईं थीं। यह हमला तालिबान द्वारा मलाला की शिक्षा संबंधी सक्रियता के विरुद्ध था। उस समय तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के प्रवक्ता ने इस घटना की जिम्मेदारी लेते हुये यह कहा था कि मलाला काफिरों की प्रतीक हैं और इस्लाम विरोधी विचार फैला रही है। यह तालिबान ही हैं जिन्होंने लड़कियों के सैकड़ों स्कूल्स या तो उड़ा दिया या उनमें आग लगा दी।

शिक्षा को लेकर तालिबानी सोच जगजाहिर है। इनके शासन में छठी कक्षा के बाद लड़कियां माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकतीं। विश्वविद्यालयों में भी महिलाओं का प्रवेश बंद है, और अब महिलाओं द्वारा लिखी किताबों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।आज अफगानिस्तान में लगभग 11 लाख लड़कियां स्कूल से बाहर हैं। आज अफगानिस्तान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां लड़कियों की शिक्षा पर पूर्ण प्रतिबंध है। इससे न केवल बाल विवाह बढ़े हैं बल्कि महिलाओं का साक्षरता स्तर घटकर 30% से नीचे आ गया है। इतना ही नहीं बल्कि महिलाओं को अधिकांश नौकरियों से निकाल दिया गया है। सिविल सेवा, गैर सरकारी संगठनों, मीडिया और सैलून आदि क्षेत्रों में महिलाओं का काम पूरी तरह बंद है। महिलाओं को चिकित्सा शिक्षा से भी वंचित रखा गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अफगानिस्तान में पहले से ही मातृ मृत्यु दर दुनिया में सबसे अधिक थी और अब यह और बढ़ गई है।

तालिबान का महिला विरोधी चरित्र दिल्ली में भी पिछले दिनों उस समय देखने को मिला जबकि तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की पहली प्रेस कॉफ्रेंस में महिलाओं को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी। परन्तु विश्वव्यापी आलोचना के बाद दूसरे दिन महिला पत्रकारों को प्रवेश की अनुमति देनी पड़ी। आतंकवादी व अतिवादी विचार के लोग चाहे वे अफगानिस्तान में हों पाकिस्तान में या दुनिया के किसी भी देश में हों यह सभी मानवता के दुश्मन हैं। आश्चर्य इस बात का भी है कि वर्तमान भारत सरकार जिसके नेता स्वयं कभी तालिबानों को पानी पी कर कोसा करते थे वही आज इनका स्वागत करते व इनसे रिश्ते सुधारते नजर आ रहे हैं? और गोदी मीडिया इन नापाक रिश्तों के फायदे गिनाता फिर रहा है? जबकि वास्तव में तालिबान से सम्बन्ध बनाने का दूसरा अर्थ है घोर अतिवादी विचारधारा से समझौता।

**क्या देश 24 दिसंबर 1999 को अंजाम दिये गये उस कंधार विमान अपहरण कांड को भूल सकता है जिसमें काठमांडू से नई दिल्ली आने वाली इंडियन एयरलाइंस की फ़्लाइट IC-814 का अपहरण पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन हरकत-उल-मुजाहिदीन द्वारा किया गया था। इस विमान में 176 यात्री और 15 चालक दल के सदस्य सहित कुल 191 लोग सवार थे। अपहरणकताओं द्वारा यह विमान अमृतसर,लाहौर व दुबई के बाद अंत में अफगानिस्तान के कंधार ले जाया गया था जो उस समय तालिबान के नियंत्रण में था। कंधार विमान अपहरण कांड एक ऐसी घटना थी जिसने भारत की सुरक्षा नीतियों, आतंकवाद से निपटने की रणनीति और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर गहरा प्रभाव डाला था ।**

# हर शरद ऋतु : जब हवा ठंडी होती है और रातें लंबी



कुमार वैभव

हर शरद ऋतु, जब हवा ठंडी होती है और रातें लंबी, भारत और दुनिया भर के घरों में सुनहरी रोशनी फैल जाती है। छोटी-छोटी दीयों की झिलमिलाहट दरवाजों पर चमकती है, रंगोली रंग-बिरंगी होती है और आकाश में आतिशबाजी गूंजती है। यही है दिवाली–दीपावली–दीयों का त्योहार। भारत के लिए यह उत्सवों का मुकुट है; दुनिया के लिए यह कहानी है अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की, और असत्य पर सत्य की विजय की।

विश्वास और सीमाओं से परे, दिवाली केवल हिंदुओं का उत्सव नहीं है; इसे सिख, जैन और बौद्ध समुदाय भी मनाते हैं। सदियों से यह उत्सव भारतीय प्रवासियों के साथ हर महाद्वीप तक पहुंचा, और इसे विश्व के सबसे दृश्य उत्सवों में से एक बना दिया। लेकिन भारतीयों के लिए यह सिर्फ तमाशा नहीं, बल्कि परंपरा की नींव में बसे भक्ति, धैर्य, और विजय के कथाओं की याद दिलाता है।

महाकाव्य से प्रेरणा, रामायण के अनुसार, राजा दशरथ के पुत्र राम ने पिता के वचन का सम्मान करते हुए 14 वर्षों का वनवास स्वीकार किया। अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ उन्होंने साधारण जीवन जिया। उनके कठिन समय तब बढ़ गए जब रावण, लंका का महान राक्षस-राजा, सीता का हरण कर गया।

इसके बाद जो युद्ध हुआ, वह साधारण नहीं था। लक्ष्मण, हनुमान और वानर सेना के साथ, राम ने रावण के शक्तिशाली सैन्य दल का सामना किया। कठोर संघर्ष के बाद रावण पराजित हुआ और सीता मुक्त हुई। जब राम अयोध्या लौटे, तो लोगों ने घर-घर दीप जलाए, जिससे नगर प्रकाश से भर गया। यही पल दिवाली का मूल प्रतीक है: केवल राजा का स्वागत नहीं, बल्कि धर्म और सत्य की विजय।

दिवाली के पाँच प्रमुख दिन, हालांकि मुख्य रात कार्तिक अमावस्या (अक्टूबरझ्रनवंबर) को होती है, दिवाली कई दिनों तक चलती है:

धनतेरस: धनवंतरि और देवी लक्ष्मी को समर्पित, इस दिन सोना या चाँदी खरीदने से समृद्धि आती मानी जाती है। नरक चतुर्दशी: कृष्ण की नरकासुर पर विजय का स्मरण, पवित्रता और साहस का उत्सव।

दिवाली रात्रि (लक्ष्मी पूजा): घरों में दीप जलाकर समृद्धि और ज्ञान की कामना की जाती है; लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती और कुबेर की पूजा होती है।

गोवर्धन पूजा: गोवर्धन पर्वत उठाने की घटना याद दिलाती है कि विश्वास और विनम्रता से संकट टाला जा सकता है।

भाई दूज: भाई-बहन के पवित्र संबंध का उत्सव, यमराज और यमुनाजी की कहानी से प्रेरित।

कई क्षेत्रों में यह पर्व तुलसी विवाह तक फैलता है, जो चतुर्मास के अंत और हिंदू विवाह मौसम की शुरूआत का प्रतीक है।

रीति-रिवाजों से परे, दिवाली दीयों, आतिशबाजी, मिठाइयों और परिवारिक मिलन का त्योहार है। लेकिन इसका गहरा संदेश सार्वभौमिक है। राम का वनवास हर मानव जीवन का प्रतीक है–संघर्ष, परीक्षा, विश्वास और समर्पण। सीता धैर्य की, लक्ष्मण कर्तव्यनिष्ठा की, और हनुमान सेवा और शक्ति की मिसाल हैं। उनकी विजय यह याद दिलाती है कि चाहे अंधेरा कितना गहरा हो, प्रकाश लौटता है; चाहे बुराई कितनी भी प्रबल हो, अच्छाई कायम रहती है; और चाहे निराशा कितनी भी गहरी हो, आशा जागती है। वैश्विक उत्सव, आज दिवाली केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व के शहरों में भी मनाई जाती है–सिंगापुर से दक्षिण अफ्रीका, लंदन से न्यूयॉर्क तक। लेस्टर और कुआलालंपुर जैसे शहरों में हजारों लोग शामिल होते हैं। इसका सार–प्रकाश, सत्य और विजय–संस्कृतियों को जोड़ता है और इसे केवल भारतीय त्योहार से कहीं आगे ले जाता है।

स्थायी प्रकाश. जैसे ही पर्व समाप्त होता है, दीये बुझ जाते हैं और रंग फीके पड़ जाते हैं। लेकिन दिवाली मिठाइयों और आतिशबाजी से अधिक छोड़ती है–एक संदेश कि कठिनाइयाँ समाप्त हो सकती हैं, सबसे अंधेरी रात भी भोर में बदल सकती है, और हर दिल में सत्य का प्रकाश हमेशा जगाया जा सकता है।

इसलिए, हर वर्ष, सदियों और महाद्वीपों के पार, दिवाली लौटती है–ल्लङ्क३ सिर्फ एक त्योहार के रूप में, बल्कि यह वादा करती है कि अच्छाई हमेशा बुराई पर विजय पाएगी और प्रकाश सदा अंधकार पर छाएगा।

# शहरी नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ता से लड़ें: पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी

## दीपावली के बावजूद जनसभा में सुबह सात बजे से उमड़ा भारी जन सैलाब



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गत दिनों 'शहरी नक्सलवाद' के खिलाफ लड़ने का सभी नागरिकों से आह्वान किया था, उनके आह्वान से प्रेरित होकर तथा उनके प्रेरणादायक वक्तव्य को अपना ठोस समर्थन देने के लिए उत्तर मुम्बई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में एक विशाल जनसभा का आयोजन सप्ताह मैदान, कमला विहार स्पोर्ट्स के सामने ,पोयसर जिमखाना मार्ग, कांदिवली (पश्चिम) में किया गया । ?शहरी नक्सलवाद? के खिलाफ मजबूती से लड़ने के लिए एकजुटता दिखाने, दीपावली होने के बावजूद यहां भारी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए।

जनसेवक गोपाल शेट्टी ने इस जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी राय में, शहरी नक्सलवाद का अर्थ है जैसे कि दहिसर के शुक्ला कंपाउंड में 40-45 वर्षों से रह रहे नागरिकों को बेघर करने वाले लापरवाह महानगरपालिका अधिकारी , यह शहरी नक्सलवाद है। अन्याय करने वालों को बिना सोचे समझे संरक्षण देने वाले सुरक्षा कर्मी, यह शहरी नक्सलवाद है। 1962 के पुराने डेटम लाइन के प्रशासनिक कानून का आधार लेकर लोगों पर अन्याय करने वाले डेवलपर , यह शहरी नक्सलवाद है। घर के लिए पैसे लेकर उन्हें घर नहीं देने वाले बिल्डर ,यह शहरी नक्सलवाद है निजी जमीन पर अनुमति प्राप्त निर्माण को भी तोड़ने वाले व अपनी मनमानी करने वाले अधिकारी और उन्हें प्रोत्साहित करने वाले लोग ,यह शहरी नक्सलवाद है।

महानगरपालिका की अनुमति के बिना कोई भी कर नहीं भरने वाले निमार्णों को नजरअंदाज करने वाले महानगरपालिका के भ्रष्ट अधिकारी, यह शहरी नक्सलवाद है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार की गई राष्ट्रीय खेल नीति के बावजूद, मुंबई में जगह की कमी के चलते मुंबई महानगरपालिका के खेल के टर्फ परिपत्रक के खिलाफ काम करने वाले महानगरपालिका अधिकारी, यह शहरी नक्सलवाद है। धारा 354 के तहत नोटिस देकर सैकड़ों इमारतों को महानगरपालिका अधिकारियों की मिलीभगत से तोड़वाने वाले जमीन मालिक - यह शहरी नक्सलवाद है। अब हमें एकजुट होकर इसी शहरी नक्सलवाद के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़नी है। इस जनसभा में जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ बोरीवली के विधायक संजय उपाध्याय, दहिसर की विधायक मनिषा ताई चौधरी , एड. जे पी मिश्रा, मोहन मिठबावकर, श्रीकांत पांडे, आर आर ठक्कर, आर पी आय के रमेश गायकवाड़ तथा अजयराज पुरोहित सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दीपावली के शुभ अवसर पर रिक्सा चालकों को महेश गायकवाड़ ने बांटी मिठाई



**कल्याण।** दीपावली के शुभ अवसर पर मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन और रिक्शा चालक-मालक असोसिएशन द्वारा कल्याण पूर्व के रिक्शा चालकों में दिवाली की मिठाई वितरित की गई। शिवसेना के पूर्व नगरसेवक और जनसेवक महेश गायकवाड़ की पहल पर हर साल दिवाली में रिक्शा चालकों को दिवाली फराल बांटी जाती है। इस बारे में बोलते हुए महेश गायकवाड़ ने कहा कि त्योहार कोई भी हो रिक्शा चालक यात्रियों की सेवा में हमेशा ततपर रहते है। रिक्शा चालक-मालक असोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय प्रकाश पेणकर के मार्गदर्शन में यह कार्य शुरू हुआ था, जो निरंतर चल रहा है। महेश गायकवाड़ ने कहा कि दिनभर मेहनत कर अपने परिवार का भरणपोषण करने वाले रिक्शा चालकों की दिवाली को खास बनाने के लिए उन्हें मिठाई व अन्य खाद्यपदार्थ वितरण किया गया।

## आदेश मिश्रा ने देशवासियों को दी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



**मुंबई।** अच्छे कर्म, दयालुता और सकारात्मकता ही जीवन के सच्चे दीये हैं – इन्हें प्रतिदिन जलाएँ। दीपावली हमें सिखाती है कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ी खुशियाँ और बदलाव ला सकते हैं। जिस प्रकार नरकासुर का नाश हुआ, उसी प्रकार आपके जीवन की हर नकारात्मकता आनंद और सफलता में परिवर्तित हो जाए। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के लंका विजय के पश्चात अयोध्या धाम आगमन पर घी के दीपों से सम्पूर्ण अयोध्या नगरी को आलोकित किया गया था, तभी से दीपोत्सव मनाने की परंपरा आरंभ हुई। पत्रकार एवं महाराष्ट्र शासन के विशेष कार्यकारी अधिकारी आदेश मिश्र की ओर से समस्त देशवासियों को दीपावली की मंगल कामना के साथ हार्दिक शुभकामनाएँ।

## अवनीश सिंह ने ट्रेन हादसे पर रेल मंत्री को घेरा



**मुंबई।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रक्सौल के लिए जाने वाली ट्रेन से तीन युवक की गिरकर मौत की घटना पर मुंबई कांग्रेस उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ ने रेलमंत्री को जिम्मेदार मानते हुए इस्तीफे की मांग की है। मुंबई कांग्रेस उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अवनीश तीर्थराज सिंह ने कहा कि नासिक रोड रेलवे स्टेशन की यह घटना रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के उस दावे की पोल खोलती है जिसमें उन्होंने कहा था कि इस बार दिवाली छठ के मौके पर घर जाने वालों के लिए टिकटों की मारा मारी कम रहेगी। रेल मंत्रालय ने त्योहारी सीजन पर 12000 स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग मुंबई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों से छठ पूजा मनाने के लिए अपने गांव जाना चाहते हैं, लेकिन इनके लिए गांव जाना मुश्किल होते जा रहा है। दीवाली और छठ जाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। उत्तर प्रदेश और बिहार के हजारों प्रवासी अपने घर लौटने के लिए रेलवे स्टेशन पर डटे हुए हैं लेकिन रेलवे पूरी तरह से असहाय नजर आ रही है। सिंह ने मृतकों के परिजनों के लिए 50 -50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की है।

## संगीतमय हनुमान चालीसा एवं सुंदरकाण्ड पाठ संपन्न



**आदेश मिश्र/मुंबई (उत्तरशक्ति)।** घाटकोपर (पश्चिम) के अमृतनगर स्थित संकट मोचन महाबली हनुमान मंदिर प्रांगण में जनसेवा वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शनिवार को संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ, हनुमान चालीसा एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समस्त जनमानस के कल्याण एवं सनातन धर्म की सेवा भावना को समर्पित रहा। भजन गायक विमलेश मिश्र एवं सुनील मिश्रा नन्हे ने अपने मधुर और भावपूर्ण भजनों से उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं ढोलक वादक की लयबद्ध संगति ने वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। पाठ समापन के पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। गौरतलब है कि जनसेवा वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन हर महीने के अंतिम शनिवार को नियमित रूप से किया जाता है, जो सनातन धर्म की परंपरा और आस्था के संरक्षण का प्रतीक बन चुका है। इस अवसर पर श्री रामलीला उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल ह्यरिंकू भइयाह्व, दीनानाथ सिंह, जनसेवा वेलफेयर ट्रस्ट अध्यक्ष अरविंद शुक्ल, दिनेश सिंह, विशेष कार्यकारी अधिकारी पत्रकार आदेश मिश्र, राजेश सिंह, राजन सिंह, चंदमणि सिंह, मुकेश मिश्रा, प्रदीप यादव, राकेश दुबे, पानु सिंह, संदीप मिश्रा, सुयोग सिंह,मंदिर पुजारी संतोष पेडनेकर सहित अनेक भक्तों ने भाग लिया। जय श्रीराम और पवनसुत हनुमान के जयकारों से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज उठा और भक्ति भाव से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## काशीमीरा मंडल में भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित



**तारकेश्वर पांडे**

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर के काशीमीरा में भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम किया गया। जहां पर भारी संख्या में कार्यकताओं ने पार्टी में पक्ष प्रवेश किया।

यह कार्यक्रम ढाचकुल पाड़ा में दीपावली के शुभ अवसर पर विधायक नरेंद्र मेहता द्वारा भव्य पक्ष प्रवेश कराया गया। दीपावली के पावन अवसर पर गत 19 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे ढाचकुल पाड़ा स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में कार्यकर्ता मिलन समारोह एवं भाजपा परिवार में पार्टी प्रवेश का एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें शांति लाल सुक्खू यादव, ने अपने युवा पूरे टीम के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मंडल के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्नेहा दुबे पंडित ने आशा वर्कर को साड़ी भेट किया



**वसई रोड।** विशाल नगर समाज मंदिर, वसई पश्चिम में दिवाली के पावन पर्व के अवसर पर, भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश केरल प्रकोष्ठ की ओर से, विशाल नगर समाज मंदिर, वसई पश्चिम में जिला परिषद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा कार्यकताओं के लिए साड़ी वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे साथ धड़क कामगार यूनियन के संस्थापक, श्रमिक नेता अभिजीत राणे, भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश केरल प्रकोष्ठ के संयोजक एवं संयोजक उत्तम कुमार, शिवसेना जिला प्रमुख नीलेश तेंदुलकर, भाजपा वरिष्ठ नेता शेखरदादा धुरी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मैथ्यू कोलासो के साथ-साथ बाला सावंत, एच.आर. सक्सेना, सिद्धेश तावड़े, प्रदीप पवार, छोटू आनंद, नंदकुमार पवार, राजू इसाई, मनोज शर्मा, धर्मेंद्र कुलकर्णी, साईराज पवार,

विकास पवार, शेमल अजगिया, पिंटू मिश्रा, कैलास रंगलेकर सहित बड़ी संख्या में आशा सेविकाएँ, महिला बहनें, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आशा सेविकाएँ हमारे समाज की स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह सम्मान समारोह उनकी अथक सेवा के सम्मान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण और भावनात्मक माहौल रहा।

# शिवसेना (उ.भा) शहर प्रमुख सीपी मिश्रा के प्रयासों को मिली सफलता

## शहर प्रमुख नीलेश शिंदे के हाथों सड़क निर्माणकार्य का भूमिपूजन



**कल्याण।** शिवसेना के उत्तर भारतीय शहर प्रमुख सी. पी. मिश्रा के विशेष प्रयासों से आज कल्याण (पूर्व) स्थित प्रभु रामनगर के नाना पावशे चौक परिसर में आरसीसी सड़क गटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

इस कार्य से क्षेत्र के नागरिकों को सड़क एवं गटर की समस्याओं से मुक्ति मिलेगी और स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। यह कार्य नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। शिवसेना उत्तर भारतीय शहर प्रमुख सी. पी. मिश्रा हमेशा लोगों की समस्याओं को समझते हैं और तत्काल उपाय करने के लिए तत्पर रहते हैं। वे जन कल्याण के लिए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन करते हुए शिवसेना कल्याण पूर्व नगर प्रमुख नीलेश शिंदे ने कहा, हमारी प्राथमिकता शहर के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करना है। हमारा संकल्प विकास कार्यों को तीव्र गति से पूरा करके नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुसज्जित वातावरण प्रदान करना है। इस अवसर पर जिला संयोजक हर्षवर्द्धन पलांडे, उत्तर भारतीय शहर प्रमुख सी. पी. मिश्रा, सहयोग सामाजिक संस्था के अध्यक्ष विजय भोसले, कामेश जाधव, कालिदास (चाचा) कदम एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे.

## संदेश विद्यालय के वेदांत शेलार का राज्यस्तरीय कुश्ती स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**मुंबई।** क्रीड़ा और युवा सेवा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय, अहिल्यानगर के संयुक्त तत्वावधान में नेवासा (जिला-अहिल्यानगर) में हाल ही में आयोजित राज्यस्तरीय शालेय कुश्ती स्पर्धा 2025-26 में विक्रोली के संदेश विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया है।

ज्ञान प्रसारक शिक्षण संस्था के टैगोर नगर, विक्रोली (पूर्व) स्थित संदेश विद्यालय एवं जूनियर कॉलेज के छात्र वेदांत विनोद शेलार (कक्षा 12वीं) ने 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की फ्री स्टाइल 86 किलो वजन श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए कांस्य पदक जीत लिया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। वेदांत की इस सफलता पर संस्था की अध्यक्ष पुष्पलता बालासाहेब म्हात्रे, विश्वस्त प्राचार्य राजेंद्र म्हात्रे तथा विद्यालय की प्राचार्या मेघा म्हात्रे ने उनका अभिनंदन किया और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

## अध्यापक नंदलाल राष्ट्रीय संरक्षक एवं लोको पायलट चंद्र प्रकाश बिंद बने समिति सदस्य



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शुक्रवार को अध्यापक नंदलाल बिंद पुत्र जीत नारायण बिंद राष्ट्रीय संरक्षक एवं लोको पायलट चंद्र प्रकाश बिंद पुत्र ओमप्रकाश बिंद ने बिंद समाज विकास संघ की सदस्यता संघ के जनसंपर्क कार्यालय दादर में संघ के युवासेना प्रवक्ता नरेंद्र कुमार बिंद के द्वारा ग्रहण की। अध्यापक नंदलाल बिंद, एल एल बी, बीएड की डिग्रियां प्राप्त कर बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हुए शिक्षा का ज्ञान देने का काम करते हैं, ये उत्तर प्रदेश के ग्राम सभा जगदीशपुर ,पोस्ट हंडिया, प्रयागराज के निवासी हैं इन्होंने समाज के प्रति अपना जीवन न्यौछावर करते हुए लोगों के साथ प्रेम सद्भावना का संदेश देने का काम करते हैं और समाज सेवा में दिन-रात प्रयासरत रहते हैं, व्यावहारिक गुणों से भरपूर सर्व समाज के चहेते अध्यापक के रूप में जाने जाते हैं, चंद्र प्रकाश बिंद रेलवे मुंबई में लोको पायलट के रूप में कार्यरत हैं, ग्राम सभा असवा दाउदपुर, हंडिया प्रयागराज के निवासी हैं इन्होंने शिक्षा ग्रहण करने में कठिन परिश्रम का परिचय देते हुए, गवर्नमेंट की नौकरी रेलवे में लोको पायलट के रूप में हासिल करने में कामयाब हुए ये खुश दिल प्रेम व्यवहार से परिपूर्ण सर्व समाज के साथ मिलकर जुलकर रहने में विश्वास रखते हैं।

## वरिष्ठ साहित्यकार खुराना को भुवनेंद्र सिंह विष्ट सम्मान के साथ हुआ पुस्तक का विमोचन



**ठाणे(उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनभाषा प्रचार समिति ठाणे द्वारा वार्षिकोत्सव, सम्मान समारोह, कविगोष्ठी एवं पुस्तक विमोचन का आयोजन शनिवार 18 अक्टूबर 2025 को मराठी ग्रंथालय थाने सभागृह में रखा गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती को पुष्प अर्पित किया गया तथा वंदना अनिल कुमार राही एवं स्वागत गीत विनय शर्मा दीप ने किया। मंच का खूबसूरत संचालन संस्था के चेयरमैन आर पी सिंह रघुवंशी ने किया।उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रामजीत गुप्ता ने किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ दयानंद तिवारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कनकलता तिवारी, डॉ बृजबाला सूरी,संजय दुबे,श्रीराम सिंह उपस्थित थे।अतिथियों की उपस्थिति में संस्था की तरफ से वरिष्ठ साहित्यकार तिलकराज खुराना को भुवनेंद्र सिंह विष्ट तृतीय सम्मान 11000 नगद, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र,अंगवस्त्र देकर कर्तल ध्वनि से सम्मानित किया गया। युवा कलमकार,महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त संतोष सिंह द्वारा लिखित पुस्तक ₹ तो क्या होगा ₹ का विमोचन हुआ। उक्त समारोह के दूसरे सत्र में कविगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन विनय सिंह विनम्र, हैरान जौनपुरी ने किया जिसकी अध्यक्षता एन बी सिंह नादान ने किया।जिसमें राकेश त्रिपाठी,उमेश मिश्र प्रभाकर,रामजीत गुप्ता,वरिष्ठ पत्रकार नामदार राही,आत्मिक श्रीधर मिश्र,लाल बहादुर यादव कमल,राम केवल प्रजापति,कृष्णा गौतम,अनिल कुमार राही,डॉक्टर वफा वारसी,एन बी सिंह नादान,आभा दवे,शिल्पा सोनटक्के,नंदलाल थापर,त्रिलोचन सिंह अरोरा,प्रोफेसर अंजनी कुमार द्विवेदी,रेखा किंगर रोशनी,रश्मि शर्मा,ओम प्रकाश तिवारी,एडवोकेट अनिल शर्मा,सुशील शुक्ला नाचीज, कैलाश कुमार घनश्याम साबू,पल्लवी रानी,लक्ष्मी यादव,कविता ए झा, सुजाता मेहता, संजय द्विवेदी,अजय कुमार सिंह, दिव्यकांत चौधरी,कल्पेश यादव, शिवकुमार सिंह,बिट्टू जैन सना, सत्यभामा सिंह ज़िया,अन्नपूर्णा गुप्ता सरगम,कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप उपस्थित थे।उक्त समारोह का आयोजन चेयरमैन रामप्यारे सिंह रघुवंशी,अध्यक्ष नंदलाल क्षितिज, सचिव विनय सिंह विनम्र,कार्याध्यक्ष नरसिंह हैरान जौनपुरी ने किया।अंत में अध्यक्ष क्षितिज ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा राष्ट्रगीत के साथ समारोह का समापन किया गया।


उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाप हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com











स्वामी: शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हा. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाप हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# कंटेनर से झारखंड जा रहे 3.5 करोड़ के नशीले कफ सिरप के साथ 3 आरोपी को सोनभद्र पुलिस ने किया गिरफ्तार

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। झारखंड कंटेनर से जा रहे 3.5 करोड़ के नशीले कफ सिरप के साथ 3 आरोपी को सोनभद्र पुलिस ने किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण मे राबर्ट्सगंज पुलिस व एसओजी तथा आबकारी विभाग की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। चुर्क मोड़ से लगभग 300 मीटर पहले वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर दो कंटेनर वाहनों (RJ11GC1710 एवं MH46AR6826) से कुल 399 प्लास्टिक की बोरी मे भरी प्रतिबंधित नशीली औषधि ESKUF COUGH SYRUP (100 ml) की कुल 1,19,675 शीशियां बरामद की गईं, जिनकी कंटेनर सहित अनुमानित कीमत लगभग रू.3.50 करोड़ (साढ़े तीन करोड़ रुपये) आंकी गई है। मौके पर बुलाए गए ड्रग निरीक्षक द्वारा जांच करने पर पुष्टि की गई कि उक्त सिरप में कोडिन (Codeine) नामक प्रतिबंधित नशीला पदार्थ पाया गया, जो एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत निषिद्ध औषधि की श्रेणी में आता है। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना राबर्ट्सगंज पर मुकदमा अपराध संख्या 1054/2025, धारा 319(2), 318(4) भारतीय न्याय संहिता व 8/21 एनडीपीएस एक्ट,का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कारवाई किया जा रहा है। वाहन के कागजात प्रस्तुत न किए जाने पर दोनो वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया है।



कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वे गाजियाबाद से झारखंड तक नमकीन व चिप्स के कार्टन के बीच प्रतिबंधित नशीला सिरप छिपाकर ले जा रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि झारखंड पहुंचने पर उनका साथी राम उन्हें माल खाली कराने का स्थान बताने वाला था। उक्त व्यक्ति द्वारा ही दोनों कंटेनरों पर नमकीन के डिब्बों के बीच ESKUF COUGH SYRUP की खेप छिपाकर भेजी गई थी।

बरामद बोरी खोलकर चेक करने पर उनमें LABORATE PHARMACEUTICAL INDIA LTD. (31 Rajban Road, Nariwala, Paonta Sahib, H.P.) कंपनी निर्मित ESKUF COUGH SYRUP 100 ml की 399 बोरियों में कुल 4787 छोटे कार्टून पाए गए, जिनमें 119675 शीशियां बरामद हुईं।

# होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में बच्चों ने रंगोली व गर्बा डाण्डिया नृत्य प्रतियोगिता का किया आयोजन

## प्रबन्धक बृजेश कुमार जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत तहसील क्षेत्र के ग्राम छितौना में स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता एवं गर्बा डाण्डिया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जो कि चार वर्गों में आयोजित की गयी थी, प्रथम प्रीप्राईमरी लक्ष्मी वर्ग, द्वितीय प्राईमरी कुबेर वर्ग, तृतीय उच्च प्राथमिक गणेश वर्ग, चतुर्थ माध्यमिक सरस्वती वर्ग। जिसमें सभी वर्गो के कक्षा के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें लक्ष्मी वर्ग में एलकेजी प्रथम, नर्सरी द्वितीय, कक्षा 2 तृतीय तथा कुबेर वर्ग में कक्षा 5 प्रथम, कक्षा 6 द्वितीय, कक्षा 3 एवं तृतीय गणेश वर्ग में कक्षा 8 प्रथम, कक्षा 7 द्वितीय, तृतीय कक्षा 9 और सरस्वती वर्ग में कक्षा 10 प्रथम, कक्षा 12 द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं गर्बा डाण्डिया नृत्य प्रतियोगिता में प्री प्राईमरी वर्ग में कक्षा यूकेजी अदिति गुप्ता प्रथम, नर्सरी अद्विता सिंह द्वितीय, यूकेजी मानवी



रघुवंशी एवं कक्षा 1 रूद्राक्षी सोनकर तृतीय, प्राथमिक वर्ग में पर कक्षा 5 की अदिति गुप्ता को प्रथम स्थान, कक्षा 5 की ही भूमि पाण्डेय को द्वितीय स्थान एवं कक्षा-3 की कृति यादव को तृतीय स्थान एवं 5 उच्च प्राथमिक वर्ग में समछात्राओं को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ एवं उच्च प्राथमिक वर्ग में कक्षा-7 की समृद्धि जायसवाल को प्रथम स्थान, कक्षा-6 की प्रियांशी को द्वितीय स्थान एवं कक्षा-6 की ही छात्रा रिद्धि गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। दीपोत्सव के पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए, विद्यालय प्रबंधक बृजेश कुमार जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंकज मौर्य, राहुल यादव, प्रशांत शुक्ला, किशन गुप्ता, दिव्यांशु गुप्ता, मंजुला पाण्डेय, अंजली सिंह, शिखा सिंह, किरन पाल, पूजा यादव, संगीता चौहान, नूर फात्मा, प्रगति यादव, प्रतिभा यादव,शाल्वी सिंह, रीमा, ज्योति गिरि, संतोषी सरोज, सौभाग्य जायसवाल समेत समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# गंगा स्नान करते समय महिला सहित सात बालिकाएं डूबी, तीन की मौत, चार को बचाया

गाजीपुर (उत्तरशक्ति)। करंडा ब्लाक के अमवा गंगा घाट पर रामजनपुर निवासी महिला सहित छह लड़कियां गंगा स्नान करते समय गहरे पानी में चली गयी। खेत में परवल की बुआई कर रहा बलराम निषाद ने महिला सहित चार लोगों को बचा लिया लेकिन तीन लड़कियां डूब गयी। तीनों का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रमजनपुर निवासी तीन युवतियां पुनम 19 वर्ष पुत्री रामबचन यादव, रोली 16 वर्ष पुत्री राजदेव यादव, खुशी 12 वर्ष पुत्री बबलू यादव निवासी उधरनपुर सहित करीब सात महिलाएं जो सुबह छह बजे गंगा स्नान के लिए अमवा घाट पर पहुंची। स्नान करते समय अचानक गहरे पानी में चली गयी,

एक-दूसरे का बचाने के चक्कर में सातों डूबने लगी। पास के खेत में परवल की बुआई कर रहा बलराम निषाद ने महिला सहित चार लोगों को बचा लिया। लेकिन पुनम, रोली और खुशी गहरे पानी में डूब गयी। डूबने की खबर लगते ही बड़ी तादात में लोग गंगा घाट पर पहुंच गये और डायल- 112 पर फोन किया। स्थानीय गोताखोरों ने पुनम, रोली और खुशी का शव गहरे पानी से निकाल लिया। खबर लगते ही मौके पर नायब तहसीलदार और करंडा एसओ पहुंच गये हैं। करंडा थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों लड़कियों का शव बरामद हो गया है। आगे की विधिक कार्रवाई हो रही है।

# चाचा व ममेरे जीजा ने 13 साल की मासूम के साथ किया दुष्कर्म, दोनों गिरफ्तार

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ उसके चाचा और ममेरे जीजा द्वारा कथित यौन शोषण का मामला सामने आया। किशोरी गर्भवती पाई गई, जिसके बाद परिजन उसे लेकर पुलिस स्टेशन पहुंचे।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर ममेरे जीजा और चाचा के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

13 वर्षीय नाबालिक किशोरी अपने पिता व मां के साथ नगर में रहती है। पीड़ित के पिता के अनुसार मैं काम के सिलसिले से ज्यादातर बाहर रहता हूं। मेरी पत्नी की मानसिक हालत कुछ ठीक नहीं है। लड़की की तबीयत अचानक खराब हुई। उसने पेट में दर्द बताया तो डॉक्टर के पास ले गए।

## प्रेग्नेंट होने पर खुला राज

जहां उसे प्रेग्नेंट बताया गया। हमने लड़की से पूछा तो उसने अपनी आपबीती बताई और जीजा और चाचा पर पिछले 6 महीने से लगातार रेप करने का आरोप लगाया। इसपर हमने पुलिस से शिकायत की है।

नाबालिग ने बताया- बुआ की लड़की और जीजा मई के महीने में घर आए थे। एक रात रुके थे। इस दौरान रात में पिता और जीजा ने शराब पी थी। मैं और सब लोग छत पर सोए थे। रात में जीजा ने मेरा मुंह दबाकर मेरे साथ रेप किया। इस दौरान मां जाग गई पर मानसिक अस्वस्थ होने की वजह से वह समझ नहीं पाई और सो गईं।

नाबालिग ने बताया- इसके बाद अलीनगर का रहने वाला जीजा लगातार घर आने लगा। मौका पाकर रेप करता रहा। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले चाचा ने भी छत पर चढ़कर मेरे साथ रेप किया। दोनों ने ही किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी। इसलिए मैं चुप रही।

# पूर्वांचल युवा महोत्सव में अपनी आवाज का जादू बिखेरेगा मछलीशहर का लाल

## करुणाकर द्विवेदी ₹भारद्वाज₹ का पूर्वांचल युवा महोत्सव में हुआ चयन

मछलीशहर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तहसील मछलीशहर के मोलनापुर गांव निवासी युवा कलाकार व पत्रकार करुणाकर द्विवेदी ₹भारद्वाज₹ का चयन पूर्वांचल युवा महोत्सव में हुआ है। उनके परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। इसी इसी अक्टूबर महीने के प्रथम सप्ताह में ऑडिशन दिया था। जिसके आयोजन डॉ दिनेश सिंह तिवारी जी द्वारा दो संचार के माध्यम से व निर्णायक मंडल ने गायन के लिए करुणाकर द्विवेदी ₹भारद्वाज₹ का चयन किया। इनके बड़े भाई ब्राह्मण शिरोमणि कमलाकर द्विवेदी ने खुशी जाहिर करते हुए आशिर्वाद एवं शुभकामनाएं दिये। यह कार्यक्रम 23,24,25 अक्टूबर को बी.आर.पी इंटर कॉलेज रोडवेज के निकट मैदान में संपन्न होगा।

ये शुरू से ही भजन निर्गुण, गजल व लोकगीत में रुचि रखते



थे। लेकिन सीखने का अवसर नहीं मिल पाया। प्रसिद्ध गायकों के द्वारा गाया हुआ सुन्दर भजन, निर्गुण,गजल और लोकगीत को सुनकर व निरंतर अभ्यास करने से आज परिणाम सामने मिला हैं और वो भी ₹पूर्वांचल युवा महोत्सव₹ में चयन के रूप में मिला है अन्य कई जनपद बड़े-बड़े मंचों पर अपनी आवाज के जादू से प्रशंसकों के दिलों में राज करते हैं।

वर्तमान में तहसील मछलीशहर एक दैनिक समाचार पेपर के ₹पत्रकार₹ हैं व जौनपुर पत्रकार संघ इकाई मछलीशहर के पदाधिकारी हैं। तहसील अन्य तहसीलो से पत्रकार बंधुओं द्वारा बधाई संदेश प्राप्त हो रहा है। जौनपुर के वरिष्ठ पत्रकार लोलारक दुबे, जौनपुर पत्रकार संघ के तहसील इकाई अध्यक्ष मछलीशहर अनिल पांडे, मनोज तिवारी, रमाशंकर शुक्ल, शरद सिंह सिकरारा, सतीश दुबे, कमलेश मिश्र, आकाश तिवारी, इंद्रेश तिवारी, रवि मिश्र, हाफिज नियमित कुरैशी, सूर्य प्रकाश मौर्य, रंजीत बलवानी, लव कुमार, मिथुन, सुनील पटेल सहित अन्य पत्रकार बंधुओं से बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

# समाज का सच्चा दीप वही जो दूसरों के जीवन में उजाला करे: चन्द्रशेखर तिवारी

## स्वर्गीय रामकिशोर यादव सेवा समिति के विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों संग मनाई गई दीपावली

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्वर्गीय रामकिशोर यादव सेवा समिति द्वारा संचालित बौद्धिक अक्षमता विशेष श्रेणी विद्यालय में दिव्यांग बच्चों, निराश्रितों, विधवाओं और बेसहारा लोगों के साथ दीपावली का पर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक यादव और समिति उपाध्यक्ष राजेश यादव ने दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा तैयार किए गए 500 मिट्टी के दीपक, कलश, गुल्लक, बंदरवाल, पेन स्टैंड, झूमर व अन्य सजावटी वस्तुओं की प्रदर्शनी ने सभी का मन मोह लिया। अतिथि श्री गणेशजी बालोद्यान सन्दहाँ के



प्रधानाध्यापक चन्द्रशेखर तिवारी ने समिति के सेवा कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज का सच्चा दीप वही है जो दूसरों के जीवन में उजाला करे। दिव्यांगों और बेसहारा लोगों के साथ दीपावली मनाना मानवता की सबसे सुंदर मिसाल है। समिति अध्यक्ष राहुल यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम मानवता, संवेदना और सहयोग की भावना को समर्पित है।

कार्यक्रम में एडवोकेट अमित तिवारी, रीमा यादव, संदीप यादव, अमर कुमार बिंद, सुरेंद्र बिंद, बाबर प्रधान, लालबहादुर यादव, शंभूनाथ गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विशेष योग्यजन बच्चों के बीच मिठाई और पटाखे वितरित किए गए, जिससे विद्यालय में खुशियों की जगमगाहट फैल गई।

# एडमिशन कराने के लिए घर से निकली युवती दो दिन बीत जाने के बाद भी नही लौटी

गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय युवती थाना क्षेत्र के ही एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन कराने के लिए घर से निकली दो दिन बीत जाने के बाद भी वापस घर नही लौटी। जिससे परिजनों में किसी अनहोनी की आशंका से डर बना हुआ है।

## तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के विरूद्ध अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज

गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मेंहौडे गांव के एक युवक ने 17 अक्टूबर को थाने पर आकर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उसकी 19 वर्षीय बहन थाना क्षेत्र में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन कराने के लिए 15 अक्टूबर को सुबह दस बजे एडमिशन फीस और अपना मोबाईल फोन लेकर निकली। दोपहर के एक बजे युवती ने घर पर फोन कर के बताया कि अभी दो से तीन घंटे लगेंगे। उसके बाद वह शाम 5 बजे तक जब वापस घर नही पहुची तो भाई ने युवती को फोन किया तो नम्बर स्विच ऑफ बताया। परिजनों द्वारा दो दिन तक युवती की तलाश की गई। लेकिन कही कुछ नही पता लगा। खोजबीन के बाद जब कुछ नही पता लगा तो युवती का भाई आर्यन परिजनों के साथ किसी अनहोनी की आशंका से घबराते हुए थाने पर आकर प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने उक्त मामले में युवती के भाई के प्रार्थना पत्र पर एक अज्ञात युवक पर अपहरण की धारा में केस दर्ज कर लिया। थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज हो गया है आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# दिवाली के अवसर पर अल-फारूक पब्लिक स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

## बच्चों ने मिट्टी के दीये, रंगोली और पेपर क्राफ्ट से सजाया विद्यालय

सुईथाकलां, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। दीपों का पर्व दीपावली न केवल प्रकाश का प्रतीक है बल्कि यह सृजनशीलता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी उजागर करता है। इसी क्रम में कादीपुर क्षेत्र के अल-फारूक पब्लिक स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।







विद्यालय परिसर इस अवसर पर एक रंगीन कलाझगैलरी में तब्दील हो गया था। हर कक्षा में सजावट की झलक अलग थी—कहीं मिट्टी के दीयों की पंक्तियाँ सजी थीं तो कहीं पेपर क्राफ्ट और रंगोली के सुंदर नमूने बच्चों की कल्पनाशीलता को दर्शा रहे थे। बच्चों ने अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन में क्लासरूम डेकोरेशन, पेपर क्राफ्ट, रंगोली और मिट्टी के दीये निर्माण जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। उनके द्वारा तैयार किए गए रंग-बिरंगे दीये और कलात्मक रंगोली के डिजाइन सभी का मन मोह लेने वाले रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि मिट्टी से बनाए जाने वाले सामान हमारे देश की कला और संस्कृति के धरोहर हैं। मिट्टी से निर्मित दीये हमारे पूर्वजों की कला और परंपरा का जीवंत प्रतीक हैं, जो आज भी ग्रामीण जीवन में सहजता से उपलब्ध हैं और पर्यावरण के अनुकूल भी। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों में पारंपरिक कला के प्रति बढ़ता यह लगाव हमारे समाज की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करता है और उनमें आत्मविश्वास तथा सौंदर्यबोध का विकास करता है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकझशिक्षिकाओं ने बच्चों को दीपावली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रांगण में बच्चों द्वारा निर्मित दीयों, रंगोलियों और क्राफ्ट कार्यों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे अभिभावकों और आगंतुकों ने खूब सराहा।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक साधना सिंह, अमृता यादव, सुषमा, संजू देवी, माला सिंह, रिंकी मौर्या, जेबा खान, मरियम खान, राफिया खान, सबीहा खान, सफक खान, मिसबा खान, तबस्सुम, सुधीश सिंह, बसंत कुमार मिश्र, पवन कुमार, जमीर अहमद सहित सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को प्रोत्साहित किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 की हुई बैठक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण-2025 की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार देर सायं संपन्न हुई।



बैठक में बीएलओ द्वारा किए गए गणना एवं सर्वे के कार्य की स्थिति, ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण की स्थिति, डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन की कार्यवाही, मतदेय स्थलों की रेशनलाइजेशन की कार्यवाही आदि के संदर्भ में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि सत्यापन संबंधी कार्यवाही ससमय पूर्ण लिया जाए तथा मतदाता सूची त्रुटिरहित होनी चाहिए, मतदाता डुप्लीकेशन नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 रामअक्षयबर चौहान सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पवारा पुलिस ने जुआ खेलते आठ आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थानाध्यक्ष पवारा के कुशल नेतृत्व में थाना पवारा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम अमोध से 08 आरोपीगण भोलानाथ पुत्र स्व0 कल्लू राम निवासी ग्राम महाराजगंज थाना मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर, जटाशंकर पुत्र स्व0 रामनाथ गौतम निवासी ग्राम उचौरा थाना पवारा जनपद जौनपुर, अब्दुल हमीद पुत्र स्व0 मुख्तार अहमद निवासी ग्राम चन्दौकी थाना मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर, पन्नू उर्फ पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र संतबहादुर सिंह निवासी टिकठा थाना जगतपुर जनपद रायबरेली, आशीष चौरसिया पुत्र टकोरे प्रसाद निवासी ग्राम जगतपुर थाना जगतपुर जनपद रायबरेली, रामू सिंह पुत्र स्व0 राजबहादुर निवासी ग्राम परशदेपुर थाना डीह जनपद रायबरेली, राजेन्द्र चौरसिया पुत्र स्व0 ककोरी प्रसाद निवासी ग्राम जगतपुर थाना जगतपुर जनपद रायबरेली, राणा प्रताप सिंह पुत्र स्व0 राम सजीवन सिंह निवासी ग्राम बरईशिप थाना सोरांव जनपद प्रयागराज को माल फड़ 19700 रुपया तथा 52 ताश के पत्ते व जामा तलाशी से 5765 रु0 व 06 अदद मोटर साइकिल व 01 बोलेरो के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसके आधार पर थाना पवारा जौनपुर पर मु0अ0सं0-150/2025 धारा-13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## बाइक चालक ने सड़क पर दो महिला को मारा धक्का, जख्मी



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत माझी बरौली सड़क पर महाराजगंज थाना अंतर्गत टेघड़ा बाजार के समीप अज्ञात बाइक चालक ने बाजार से सामान खरीद कर आ रही दो महिलाओं को धक्का मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। इसकी सूचना पोखरा पंचायत के पूर्व मुखिया रमेश यादव को लगी। श्री यादव ने जख्मी महिलाओं को पी एच सी पहुंचकर इलाज शुरू कराया। 21 वर्षीय जख्मी लड़की पोखरा गांव की मनोज यादव की पुत्री जुली कुमारी बताई जाती है। वही दूसरी वृद्ध महिला उसी गांव के सेवंती देवी बताई जाती है।बाइक चालक अपनी बाइक लेकर भागने में सफल रहा।

## गौकशी के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**खेतासराय(जौनपुर)।** खेतासराय पुलिस टीम ने गौ हत्या के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की मुखबिर की सूचना पर टिकरीकलां अस्पताल के पास से रविवार को एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान चुन्नू पुत्र स्व. नगीना निवासी नदौली, थाना खेतासराय के रूप में हुई है। चुन्नू पर थाना खेतासराय में गौ हत्या निवारण अधिनियम एवं 4/25 आर्म्स एक्ट में वांछित था। पुलिस के अनुसार, उक्त मुकदमे में कुल चार अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए थे, जिनमें से तीन को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। चुन्नू की गिरफ्तारी के साथ ही मामले का पूर्ण अनावरण कर लिया गया है। पुलिस टीम में एसओ प्रदीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कपिल देव, अशोक कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र गिरी, मोहम्मद अंसारी व दिवाकर यादव शामिल रहे।

## वाराणसी में फैब इंडिया शोरूम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** वाराणसी के भदैनी क्षेत्र में रविवार सुबह फैब इंडिया शोरूम में अचानक आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें देखते ही देखते शोरूम के बड़े हिस्से को अपने आगोश में ले चुकी थीं। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद करीब 30-40 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। दुकान में साड़ी, सूट, इत्र और अन्य कॉस्मेटिक सामग्री रखी हुई थी, जो आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। लाइट बॉक्स में चिंगारी उठने के बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। एफएसओ इंद्रजीत वर्मा ने बताया कि 10:45 बजे 112 पर सूचना मिलने के तुरंत बाद भेलूपुर और चेतगंज की फायर गाड़ियां भेजी गई। आग पर नियंत्रण पाने के बाद देखा गया कि कमरे में रखा सारा सामान राख हो चुका था। आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।

## आब्जर्वर ने किया बूथों का निरीक्षण



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में 6 नवंबर को महाराजगंज विधानसभा में होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में कराने तथा शत प्रतिशत मतदान को ले रविवार को ऑब्जर्वर सी मुर्गन ने महाराजगंज अनुमंडल प्रशासन के साथ दर्जन भर बूथों का निरीक्षण किया ।मतदान केंद्रों पर मौजूद मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस संबंध में महाराजगंज प्रखंड की एल ई ओ शकील ने बताया कि मतदान केंद्रों पर शौचालय, पेयजल, रैंप, फर्नीचर, साफ-सफाई, भवनों की स्थिति, मतदान केंद्र पर बूथ संख्या, बीएलओ का नाम, मोबाइल नंबर, गांव का नाम आदि की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सेक्टर पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, बीएलओ, शिक्षकों , आदि को आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। उन्होंने हर हाल में मतदान केंद्रों पर साफ- सफाई एवं मूलभूत सुविधाएं समय सीमा के अंदर पूरा कराने का दिशा निर्देश दिया। जांच के दौरान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बी एल ओ, आदि चुनाव से जुड़े कर्मी मौजूद थे।

## मार्टीनगंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

**आजमगढ़(उत्तरशक्ति)।** मार्टीनगंज तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 88 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिनमें राजस्व के 62, विकास के नौ, पुलिस के सात एवं अन्य विभागों के दस प्रकरण शामिल थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पैमाइश से संबंधित विवादों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर अवैध कब्जेदारों को हटाया जाए और पैमाइश की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। यदि किसी दबंग द्वारा कार्य में बाधा डाली जाती है, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से गरीब की जमीन कब्जा या बेच देता है, तो जांच के बाद दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ भू-माफिया का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। फूलपुर तहसील सभागार में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस एसडीएम अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुआ।

## अज्ञात बाइक सवारों ने जनसेवा केंद्र संचालक से 1.20 लाख रुपये छीनकर भागे

**सगड़ी( उत्तरशक्ति )।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के भुवना बुजुर्ग बाजार में सहज जन सेवा केंद्र संचालक जैकी कुमार के साथ अज्ञात बाइक सवारों ने 1.20 लाख रुपये छीनकर भाग गए। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। शुक्रवार को दोपहर दो बजे जैकी कुमार यूनियन बैंक कंजरा दिलशादपुर से एक लाख रुपये निकालकर अपने पास रखे 20,000 रुपये सहित बैग में रखा और बाइक से घर की ओर जा रहे थे। अमुआरी नरायनपुर एवं जमालुद्दीन पट्टी के बीच डीह स्थान पर सामने से आ रही एक बाइक पर तीन सवारों ने बैग छीन लिया। जैकी कुमार ने बताया कि एक बदमाश ने गमछे से मुंह ढका हुआ था जबकि दो के मुंह खुले थे। वह किसी को पहचान नहीं पाया। बदमाशों ने मोबाइल भी लूट लिया। कोतवाली पुलिस ने तुरंत सूचना पर पहुंचकर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने पीड़ित से जानकारी लेकर जीयनपुर कोतवाल जितेंद्र बहादुर सिंह को त्वरित जांच के निर्देश दिए। कोतवाल सच्चिदानंद ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

## ग्रीन पटाखों की बिक्री को प्रशासन की हरी झंडी

**मेरठ(उत्तरशक्ति)।** जिला प्रशासन ने शहर में ग्रीन पटाखों के उपयोग और बिक्री को मंजूरी दे दी है। पर्यावरण के अनुकूल माने जाने वाले इन पटाखों को चलाने के लिए सख्त दिशा-निर्देशों के साथ तीन व्यापारियों को लाइसेंस जारी किए गए हैं। इस फैसले से जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया गया है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय व्यापारियों को भी राहत मिली है। ग्रीन पटाखों को पर्यावरण के लिए कम हानिकारक माना जाता है, क्योंकि ये पारंपरिक पटाखों की तुलना में कम धुआं और प्रदूषण फैलाते हैं। प्रशासन ने इन पटाखों की बिक्री के लिए सुरक्षा को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं।

# आरोग्य का संदेश लेकर आता है धनतेरस- डॉ कुमावत





**उदयपुरवाटी (उत्तरशक्ति)।** कस्बे की 3 नंबर चुंगी स्थित राजकीय आयुर्वेद हॉस्पिटल में आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि की जयंती डॉ राजेंद्र कुमावत ने पूरे स्टाफ के साथ बड़े धूम धाम से मनाई। विजय कुमार शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना करवा कर भगवान के मिठाई का भोग चढ़ाया।इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमावत ने बताया कि भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद केवल उपचार नहीं,बल्कि जीवन जीने की एक स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का है।ज्ञातव्य हो कि आयुर्वेद विज्ञान के जनक भगवान धन्वंतरि को समर्पित यह जयंती धनतेरस को पूरे देश में श्रद्धा विज्ञान और सेवा भाव के साथ यह पर्व मनाया जाता है।

भगवान धन्वंतरि हिंदू धर्म में आरोग्य के देवता माने गये है। बताया जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान जब अमृत कलश निकला,तब भगवान धन्वंतरि उसी कलश को लेकर प्रकट हुए थे।उनके हाथों में शंख,चक्र,जड़ी -बूटियों और अमृत कलश को दशार्या जाता है।आयुर्वेद जगत में आरोग्य को देने वाले भगवान के रूप में पूजे जाये है और सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी इस दिन की जाती है।

आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाना,प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को प्रोत्साहन देना, औषधीय पौधों और देसी उपचारों की उपयोगिता को समझाना इसके मनाने का महात्म्य है और एक निरोग भारत की दिशा में कदम बढ़ाना ही इसके मानने की उपादेयता है।इसे दिशा में आयुर्वेद से आरोग्य की ओर का उद्देश्य हो तो,सारे जीवन भर हम निरोग रह सकते हैं। डॉ कुमावत ने कहा कि आज की तेज भागती जिंदगी,तनाव, मिलावटी खानपान और बिगड़ती जीवनशैली ने अनेक बीमारियों को जन्म दिया है।इनसे निजात पाने में आयुर्वेद ही एकमात्र ऐसा विज्ञान है जो शरीर,मन और आत्मा इन तीनों के संतुलन बनाए रखने की बात करता है। आयुर्वेद न केवल बीमारी का उपचार करता है,बल्कि उसे होने से पहले रोकने की संपूर्ण प्रणाली भी आयुर्वेद है।

जयपुर रोड़ स्थित सूर्य नगर में हाल ही में एक नव निर्मित हुए आयुर्वेदिक पंचकर्म हॉस्पिटल में भी पहली बार समारोह पूर्वक धनवंतरी जयंती का आयोजन किया गया।यहां के प्रो.डॉ.विनोद कुमार सैनी ने धनवंतरी जयंती के महत्व को बताया और कहा कि क्षेत्र में पंचकर्म के लिए यह पहला सेंटर है जहां आयुर्वेद विधि के माध्यम से शरीर की संपूर्ण चिकित्सा होती है। इस मौके पर उनके पिता श्री पोखर मल सैनी (वैद्यजी) ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों का इस अवसर पर सम्मान भी किया। जयंती मनाने के लिए डॉ जाबिर खान, डॉ विजय वर्मा,डॉ प्रीति वर्मा,डॉ रवि मीणा, दीपक शर्मा, राजबाला, सुमन योगी,पूनम कुमावत, संदीप जांगिड़, कंपाउडर विजय कुमार, महेंद्र कुमार, सरोज, अभिषेक, कर्ण सुशीला, मुकेश मीणा आदि उपस्थित हुए।

## साड़ी के शोरूम भीषण आग, मचा हड़कंप

**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** भेलूपुर थाना के शिवाला-अस्सी मार्ग पर स्थित कपड़े के शोरूम में रविवार की सुबह शॉर्ट सर्किट के बाद अचानक आग लग गई। आग लगने की जानकारी शोरूम से धुआं निकलने के बाद हुई। अगल-बगल के घरों में हड़कंप मच गया। दूसरी तरफ, राहगीरों ने इसकी सूचना फायर सर्विस के साथ-साथ स्थानीय पुलिस को दी। अचानक आग लगने के कारण मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने रास्ते पर यातायात रोक दिया। वीडियो और फोटो खींच रहे लोगों की भीड़ को भी हटाया गया। दमकल की गाड़ियों के मदद से आग पर काबू पाया गया। इस बाबत थाना प्रभारी भेलूपुर सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कपड़े का शोरूम राकेश गोयल का है। शोरूम के एक साइड में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लग गई थी। आग बुझा ली गई है अब स्थिति सामान्य है।

# भक्ति पद प्राप्त करने वाला अभूतपूर्व होता है : राजन महाराज

-लाल शेखर सिंह

**प्रतापगढ़ ( उत्तरशक्ति )।** पूज्यश्री प्रेमभूषण महाराज के कृपापात्र शिष्य पूज्य राजन महाराज के व्यासत्व में परानूपुर, कुंडा श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़ में 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक प्रति दिन अपराह्न 3 से साँय 7बजे तक आनंद पांडे के संकल्प और लोकप्रिय विधायक कुँवर रघुराज प्रताप सिंह(राजा भैया)के संरक्षण में चल रही दिव्य रामकथा के अष्टम दिवस पर राजन महाराज ने भरत चरित्र के आश्रय में रामकथा गायन करते हुए बताया कि, अयोध्या से भरत जी पूरे अवध समाज को लेकर रामजी को से मिलने चित्रकूट के लिए जाते हैं। कथा के संदेश को श्रोताओं को निवेदित करते हुए कहा कि,श्रेष्ठ की उपस्थिति में ही नही उनकी अनुपस्थिति में स्वयं को अनुशासन में रखना ही जीवन की श्रेष्ठता है। मनुष्य दो परिस्थितियों में एकांत ढूढ़ता है एक भजन करते समय दूसरा पाप करते समय।विपत्ति में जीव कोई भी अपकर्म कर बैठता है।भरत जी भी इस विपत्ति काल में अपने क्षात्रधर्म का त्याग करके याचना करते हैं तो केवल भगवान के चरणों में जन्म-जन्म की भक्ति के लिए। राजन महाराज ने कहा कि,सगुण उपासक को मोक्ष की कामना कभी नही करना चाहिए। प्रेम के सर्वोच्च स्थिति का नाम है रती है और हमें भी इसी भाव में प्रेम-भक्ति करना चाहिए। प्रेम करने वाले को अपने प्रेमी से प्रेम की भी अपेक्षा नही करनी चाहिये। भरत जी का यह प्रसंग कहता है कि जीवन में जब कभी माँगना पड़े तो केवल भगवान की भक्ति माँगना चाहिए। बात क्या कही गयी यह महत्वपूर्ण नही



महत्वपूर्ण यह है कि बात को किसने कहा।भगवान के चरणों में अनुराग मानव जीवन का आभूषण हैं। जिसके पास यह नही है वह संसार का सबसे कुरूप प्राणी है।राजन महाराज ने श्रोताओं को व्यवहारिक जीवन का उपयोगी सूत्र प्रदान करते हुए कहा कि, ग्लानि में संवाद न करने वाले स्वजन से स्वयं संवाद करना चाहिए।

भक्ति पद को सर्वश्रेष्ठ बतलाते हुए राजन महाराज ने कहा कि,संसार के हर पद से उतरने पर भूतपूर्व होना पड़ता है किंतु भक्ति पद पर आसीन होने वाला अभूतपूर्व होता है क्योंकि इस पद से कभी नही उतरना पड़ता। भरत मिलाप का सजीव चित्रण करते हुए राजन महाराज ने कहा कि जितना त्याग करके आप भगवान के लिए जाते हैं उतना ही त्याग करके भगवान आगे आते है।भाई से मिलने हथियार लेकर नही प्रेम से परिपूर्ण हृदय लेकर जाना चाहिए। पिता के महाप्रयाण को सुनकर धैर्य को धारण करने वाले स्वयं भगवान राम रोने लगे यह प्रसंग कहता है कि यदि किसी के घर घटना घटित हो जाये तो पीड़ित के घर जाकर प्रवचन नही देना चाहिए। अपने गुरु से प्रशंसा पाने वाले वाला शिष्य सौभाग्यशाली होता है। रामजी का अपने प्रति प्रेम देखकर भरत जी ने आत्मसर्मपण कर दिया।कथा प्रसंग में राजा जनक जी सीता मइया को तपस्विनी के वेश में देखकर गदगद हो बोले बेटी तुमने रघुकुल और निमिकुल दोनों को पवित्र कर दिया। भरत चरित्र को पूर्ण करते हुए राजन महाराज ने कहा कि इन चरित्र को सुनने से सीताराम जी के चरणों प्रीति और विरति प्राप्त होती है।राजन जी के मुख से भरत चरित्र का मार्मिक वर्णन सुन कर श्रद्धालुओं की आँखे नम हो गयीं। राजन महाराज आरण्य कांड में प्रवेश करते हैं वहाँ जयंत की धृष्टता की चर्चा करते हुए कहा कि चोट सहने और क्षमा करने का सामर्थ्य केवल माँ में होता है।जीव को मारने और बचाने का समरथ केवल भगवान में है। जटायु उद्धार, सबरी प्रेम और नवधा भक्ति का उपदेश के पश्चात राजन महाराज की कथा किष्किन्धा काण्ड में प्रवेश करती हैं। पहली बार नया भजन यहि रहिया हरिजी के आवन होई टुटही मड़ईया सुहावन होई..प्रस्तुत करके भाव विभोर कर दिया। राजन महाराज कथा को सुग्रीव से मित्रता और बालिवध के प्रसंग को पूर्ण करते हुए यह नीति बताई कि शत्रु से मित्रता करने वाले को मृत्यु दण्ड ही देना चाहिए! इस प्रकार मानस महाकुम्भ में उमड़े अपार श्रद्धालुओं के बीच छत्तीसगढ़ से संत अवधेशदास जी महाराज,मानस चातकी वैदेही जी,ब्रिस्बेन आस्ट्रेलिया से डॉ ममता, मेलबोर्न से आये उमेश और इस रामकथा आयोजन के मुख्य संरक्षक राष्ट्रीय जनसत्ता दल के संस्थापक अध्यक्ष एवं कुंडा के लोकप्रिय विधायक कुँवर रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया)आदि गणमान्य जन भी उपस्थित रहे।

## स्नेहा दुबे पंडित ने आशा वर्कर को साड़ी भेट किया



**वसई।** विशाल नगर समाज मंदिर, वसई पश्चिम में दिवाली के पावन पर्व के अवसर पर, भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश केरल प्रकोष्ठ की ओर से, विशाल नगर समाज मंदिर, वसई पश्चिम में जिला परिषद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा कार्यकताओं के लिए साड़ी वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे साथ धड़क कामगार यूनियन के संस्थापक, श्रमिक नेता अभिजीत राणे, भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश केरल प्रकोष्ठ के संयोजक एवं संयोजक उत्तम कुमार, शिवसेना जिला प्रमुख नीलेश तेंदुलकर, भाजपा वरिष्ठ नेता शेखरदादा धुरी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मैथ्यू कोलासो के साथ-साथ बाला सावंत, एच.आर. सक्सेना, सिद्धेश तावड़े, प्रदीप पवार, छोटू आनंद, नंदकुमार पवार, राजू इसाई, मनोज शर्मा, धर्मेंद्र कुलकर्णी, साईराज पवार, विकास पवार, शेमल अजगिया, पिंटू मिश्रा, कैलास रंगलेकर सहित बड़ी संख्या में आशा सेविकाएँ, महिला बहनें, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। आशा सेविकाएँ हमारे समाज की स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह सम्मान समारोह उनकी अथक सेवा के सम्मान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण और भावनात्मक माहौल रहा।

## नारी शक्ति अभियान के तहत आइडियल पब्लिक स्कूल शाहापुर में छात्राओं को किया गया जागरूक



**खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश सरकार के नारी शक्ति मिशन के तहत खेतासराय पुलिस टीम ने शनिवार को शाहापुर स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराध और महिला हेल्पलाइन नंबर (1090, 112, 181) की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने बताया कि शासन स्तर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नारी शक्ति मिशन के माध्यम से पुलिस-प्रशासन लगातार विद्यालयों और महाविद्यालयों में जाकर छात्राओं को आत्मविश्वास और जागरूकता से परिपूर्ण कर रहा है। किसी भी प्रकार की आपराधिक या असुरक्षित स्थिति में छात्राएँ निःसंकोच हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं। टीम ने छात्राओं को सोशल मीडिया पर सतर्क रहने, अनजान लोगों से चैट न करने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी। विद्यालय के डायरेक्टर कृष्णचंद्र यादव ने छात्राओं से कहा कि नारी सशक्तिकरण तभी संभव है जब महिलाएँ अपनी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सजग रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक शीतला प्रसाद यादव ने की। उन्होंने खेतासराय पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनजागरूकता अभियान समय-समय पर होते रहने चाहिए, जिससे छात्राओं में आत्मबल और आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम में विजेंद्र कुमार, रविचंद्र यादव, विनय कुमार, पंकज प्रसाद, अरविंद यादव, चंद्रेश यादव, अर्चना श्रीवास्तव, सादिका, प्रगति, साक्षी, साधना, जया, नम्रता यादव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## टिकट बंटवारे में पैसे का रहा खेल, पार्टी को सेवा देने वाले कार्यकर्ता रहे अलग-थलग

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** महाराजगंज बिहार विधानसभा चुनाव के टिकट बंटवारे में आबादी के हिसाब से सत्ता की अलाप रागने वाली पार्टियां पैसे लेकर टिकट बंटवारा में जम कर खेल किया है। बिहार के सिवान जिला में तो हद हो गया है। उक्त बातें महाराजगंज के पूर्व राजद सांसद उमाशंकर बाबू के पुत्र राजद नेता जितेंद्र स्वामी ने अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ महाराजगंज शहर के प्रसिद्ध जरती माई स्थान पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहीं। कहा पार्टी ने सभी मयार्दा को लांघ कर टिकट वितरण किया है । टिकट बंटवारे में न जातिगत आधार को ध्यान में रखा है नहीं अपने पुराने कार्यकताओं को ख्याल रखा है। मैं संवैधानिक तरीके से लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा हूं। ताकि लोग जागरूक होकर अच्छे प्रत्याशी को अपना मतदान कर सकें। नहीं तो जयप्रकाश



नारायण जी के विचार, लोहिया, कपूर्री ठाकुर,जगदेव बाबू के विचार ,जगजीवन बाबू, के सपने पूरा होने में बाधा खड़ी होगी। समाज सेवा विचारों से होता है, पैसे से नहीं। अब जब राजनीत में पैसा हावी होगा तो विचार मर जाएगा। मीडिया द्वारा यह पूछा गया कि आप अपने कार्यकर्ताओं के साथ किस पार्टी को मदद करेंगे ? उन्होंने साफ शब्दों में कहा हम अपने कार्यकताओं, शुभ चिंतकों के साथ जिला के सभी विधान सभा में बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे। प्रेस के साथ बैठक में वीरेंद्र सिंह, विकास कुमार, अमरेश कुमार, पोखरा के सरपंच राजकुमार सिंह, पारस कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, मुसाफिर महतो, अमरनाथ यादव, संजू महतो, पंकज सिंह,के साथ गुड्डू कुमार आदि समर्पित कार्यकर्ता मौजूद थे। मुश्किलें खड़ी कर सकता है, क्योंकि बिहार चुनाव में महागठबंधन के हिस्से के तौर पर पार्टी की अहम भूमिका है।

## गंगा में नहाने गई तीन लड़कियों की डूबने से मौत

**गाजीपुर(उत्तरशक्ति)।** कार्तिक स्नान के लिए अमवा घाट पर गंगा में नहा रही दो चचेरी बहनों समेत तीन लड़कियों की डूबने मौत हो गई। वहीं, मल्लाह ने डूब रही महिला सहित चार को युवतियों को बचाया। उधर, स्थानीय गोताखोरों व आपदा मित्रों ने चार घंटे के प्रयास के बाद घटना स्थल से ही तीनों शव को बाहर निकाला। छोटी दीपावली पर्व पर हुए हादसे से रामजनपुर गांव में कोहराम मच गया। रामजनपुर गांव निवासी रामबचन यादव ने पुलिस को बताया कि गांव एक महिलाओं और चार युवतियों के साथ पुत्री पूनम यादव (19), भाई राजदेव यादव की पुत्री रोली (16) और बबलू यादव की पुत्री खुशी (12) भी कार्तिक स्नान के लिए भोर में अमवाघाट गई थीं। सुबह 5.30 बजे घाट पर सभी स्नान कर रही थीं, अचानक पैर फिसलने से पुत्री सहित सातों लड़कियां डूबने लगी। डूब रही लड़कियों की शोर सुनकर कुछ दूरी पर परवल की खेती कार्य में जुटे मल्लाह बलिराम चौधरी ने मौके पर पहुंच कर महिला समेत चार युवतियों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन पूनम, रोली और खुशी पानी में समा गईं। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों एवं आपदा मित्रों की सहायता से डूबी तीन लड़कियों की तलाश शुरू की गई। चार घंटे के बाद घटना स्थल से ही सुबह 9.30 बजे पूनम यादव का शव गोताखोरों ने पानी से बाहर निकाला। इसके बाद 10.15 बजे चचेरी बहन रोली यादव का भी शव मिला। दोनों शवों को मॉच्यूरी हाउस भेजवा दिया। वहीं, दोपहर 12.30 बजे खुशी यादव का भी शव गोताखोरों को खोज निकाला। इधर तीनों का शव देखकर परिजन दहाड़े मारकर रोने बिलखने लगे। यह देख ग्रामीणों की भी आंख भर आई। सूचना पर सदर एसडीएम रविश गुप्ता और तहसीलदार राजू यादव घटना स्थल पहुंचे और ग्रामीणों से हादसे की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि गंगा में डूबकर दो चचेरी बहनों सहित तीन की मौत हो गई है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।







